झांकियों में दिखा महामना के सपनों का भारत

1 बीएचयू के स्थापना दिवस पर गाजे-बाजे के साथ निकली आकर्षक झांकियां

2 कुलपति ने दिखाई हरी झंडी, छात्रावासों में विधि-विधान से हुआ सरस्वती पूजन

वाराणसी। बीएचयू के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर रविवार को परिसर में गाजे-बाजे के बीच आकर्षक झांकियां निकाली गईं। एलडी गेस्ट हाउस से महिला महाविद्यालय चौराहा तक निकाली गई झांकियों में महामना के सपनों का भारत दिखा। इसके माध्यम से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास आदि का संदेश दिया गया। बसंत पंचमी पर मनाए जाने वाले स्थापना दिवस को लेकर संकायों, संस्थानों के साथ ही अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर सहित अन्य जगहों पर एक सप्ताह से तैयारियां चल रही थी। पीले परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह दिखा। एलडी गेस्ट हाउस पर कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर झांकियों को रवाना किया। हाथ में तिरंगा झंडा और अलग-अलग स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बैंड बाजे की धुन पर छात्र-छात्रा नाचते गाते बढ़ते जा रहे थे। इससे पहले सुबह कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने परिसर स्थित भूमि पूजन स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। उधर छात्रावासों में सरस्वती पूजन में भी छात्र-छात्राओं ने भजनों के माध्यम से मां सरस्वती का गुणगान किया। ब्यूरो

छात्र-छात्राओं ने दिए सामाजिक संदेश

सबसे आगे सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने नारी शिक्षा, सशक्त समाज अनेकता में एकता शीर्षक का संदेश दिया। इसके बाद महिला महाविद्यालय की झांकी में शिक्षा, खेल, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता को दर्शाया। पर्यावरण एवं धारणीय संस्थान की टीम ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास तो संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय की ओर से वेदों की महत्ता और वैदिक विज्ञान केंद्र की झांकी निकाली। दंत चिकित्सा संकाय, सर सुंदरलाल अस्पताल, ब्लड बैंक की टीम, ट्रॉमा सेंटर, शारीरिक शिक्षा विभाग, विज्ञान संकाय, समाज विज्ञान संकाय, कला संकाय, कृषि विज्ञान संस्थान, और एनसीसी की ओर से भी झांकी के साथ ही परेड किया गया। झांकियों में वंदे भारत ट्रेन, महामना एक्सप्रेस, सुपर स्पेशियलिटी सेंटर, कैंसर संस्थान का मॉडल भी दिखाया।

आईआईटीयंस ने ड्रोन और कॉप्टर से दिखाया कौशल

आईआईटी बीएचयू के छात्र-छात्राओं ने अपनी झांकी में ड्रोन, कॉप्टर से कला का कौशल दिखाया। निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन के नेतृत्व में निकली झांकी में छात्रों ने सबसे पहले ड्रोन में 100 साल का सफर का एक लोगो दिखाया, इसके बाद संस्थान में बनाए गए प्रदूषण मुक्त ग्रीन कार, प्रोटोटाइप कार, ड्रोन, साइकिलिंग और सौर्य ऊर्जा से चलने वाली आटा चक्की, धान की कटाई वाली मशीन, काप्टर का प्रदर्शन भी किया।

स्थापना स्थल पूजन करते कुलपति प्रो. राकेश भटनागर व अन्य।

स्वयंसेवकों का पथ संचलन

वाराणसी। बसंत पंचमी के दिन आरएसएस की विश्वविद्यालय इकाई के स्वयं सेवकों ने सधे कदमों के साथ पथ संचलन किया। छात्र स्वास्थ्य केन्द्र के निकट कृषि मैदान से निकले स्वयंसेवक विश्वविद्यालय के स्थापना स्थल पहुंचे और वहां पूजन-अर्चन किया। स्वयंसेवक कृषि मैदान में पथ संचलन हेतु एकत्रित हुए। यहां काशी प्रांत प्रचारक रमेश कुमार, विभाग प्रचारक जेपी लाल के बौद्धिक के बाद कृषि मैदान से ही लगभग 1000 की संख्या में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। यह पथ संचलन भारत कला भवन, मधुवन मार्ग से होते हुए सिंहद्वार, संत रविदास द्वार, नगवा चुंगी होते हुए विश्वविद्यालय स्थापना स्थल पर पहुंचे और वहां पर राष्ट्र गीत के साथ समापन हुआ। इसका नेतृत्व डॉ. विनोद कुमार ने किया। ब्यूरो